# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 27.8.25 | 4 | 7-8 |

## एचएयू के सात विद्यार्थियों को मिली कैंपस प्लेसमेंट



कुलपति प्रो. बीआर कांबोज के साथ चयनित विद्यार्थी। स्रोत : संस्थान

**हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशालय की काउंसिलिंग एवं प्लेसमेंट सेल के अंतर्गत हरियाणा स्टेट रूरल लाइवलीहुड मिशन में 7 विद्यार्थियों का यंग प्रोफेशनल के पद पर चयन कैंपस प्लेसमेंट के तहत हुआ है। कुलपति प्रो. बीआर कांबोज ने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। छात्र कल्याण निदेशक डॉ. एसके पाहुजा ने बताया कि चयनित विद्यार्थियों को यंग प्रोफेशनल पॉलिसी के तहत 3 लाख 60 हजार रुपये वार्षिक पैकेज दिया जाएगा। चयनित हुए विद्यार्थियों में तान्या वर्मा, गुरपाल सिंह, नमन यादव, सचिन चौधरी, कोमल यादव, स्वाति देसवाल व सोनल शर्मा शामिल हैं। संवाद

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि. भूमि | 27.8.25 | 11 | 2-3 |

# हकृवि के सात छात्रों को मिली प्लेसमेंट




हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशालय की काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल के अंतर्गत हरियाणा स्टेट रूरल लाइवलीहुड मिशन में 7 विद्यार्थियों का यंग प्रोफेशनल के पद पर चयन कैंपस प्लेसमेंट के तहत हुआ है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। छात्र कल्याण निदेशक डॉ. एस. के. पाहुजा ने बताया कि विद्यार्थियों का चयन लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार के आधार पर किया गया है। उन्होंने बताया कि हरियाणा स्टेट रूरल लाइवलीहुड मिशन में चयनित हुए विद्यार्थियों में तान्या वर्मा, गुरपाल सिंह, नमन यादव, सचिन चौधरी, कोमल यादव, स्वाति देसवाल व सोनल शर्मा शामिल हैं। सह-निदेशक छात्र कल्याण (काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट) डॉ. अतुल ढींगड़ा ने भी चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 27.8.25 | 11 | 4-6 |

# हकृवि के सात विद्यार्थियों का कैंपस प्लेसमेंट में हरियाणा स्टेट रूरल लाइवलीहुड मिशन में चयन

हिसार, 26 अगस्त (विरेंद्र वर्मा): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशालय की काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल के अंतर्गत हरियाणा स्टेट रूरल लाइवलीहुड मिशन में 7 विद्यार्थियों का यंग प्रोफैशनल के पद पर चयन कैंपस प्लेसमेंट के तहत हुआ है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। उन्होंने बताया कि इस उपलब्धि का श्रेय विश्वविद्यालय के प्राध्यापकों तथा उनके परिवार को जाता है।



विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज के साथ चयनित विद्यार्थी।

छात्र कल्याण निदेशक डॉ. एस.के. पाहुजा ने बताया कि विद्यार्थियों का चयन लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार के आधार पर किया गया है। चयनित विद्यार्थियों को यंग प्रोफैशनल पॉलिसी के तहत 3 लाख 60 हजार रुपए वार्षिक पैकेज दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि हरियाणा स्टेट रूरल लाइवलीहुड मिशन में चयनित हुए विद्यार्थियों में तान्या वर्मा, गुरपाल सिंह, नमन यादव, सचिन चौधरी, कोमल यांदव, स्वाति देसवाल व सोनल शर्मा शामिल हैं।

सह-निदेशक छात्र कल्याण (काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट) डॉ. अतुल ढींगड़ा ने भी चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी। डॉ. सुबोध अग्रवाल ने बताया कि विश्वविद्यालय में छात्रों की प्लेसमेंट के लिए राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय कंपनियों को बुलाने के लिए निरंतर प्रयास करते रहेंगे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 27.8.25 | 3 | 7-8 |



## हकृवि के 7 छात्रों का हरियाणा स्टेट रूरल लाइवलीहुड मिशन में हुआ चयन

हिसार| हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशालय की काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल के अंतर्गत हरियाणा स्टेट रूरल लाइवलीहुड मिशन में सात विद्यार्थियों का यंग प्रोफेशनल के पद पर चयन कैंपस प्लेसमेंट के तहत हुआ है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। छात्र कल्याण निदेशक डॉ. एसके पाहुजा ने बताया कि विद्यार्थियों का चयन लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार के आधार पर किया गया है। उन्होंने बताया कि हरियाणा स्टेट रूरल लाइवलीहुड मिशन में चयनित हुए विद्यार्थियों में तान्या वर्मा, गुरपाल सिंह, नमन यादव, सचिन चौधरी, कोमल यादव, स्वाति देसवाल व सोनल शर्मा शामिल हैं। सह-निदेशक छात्र कल्याण काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट डॉ. अतुल ढींगड़ा ने भी चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| जगमार्ग न्यूज | 27.08.2025 | -- | -- |

# हकृवि के सात विद्यार्थियों का कैंपस प्लेसमेंट में हरियाणा स्टेट रूरल लाइवलीहुड मिशन में चयन



जगमार्ग न्यूज

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशालय की काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल के अंतर्गत हरियाणा स्टेट रूरल लाइवलीहुड मिशन में 7 विद्यार्थियों का यंग प्रोफेशनल के पद पर चयन कैंपस प्लेसमेंट के तहत हुआ है।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। उन्होंने बताया कि इस उपलब्धि का श्रेय विश्वविद्यालय के प्राध्यापकों तथा उनके परिवार को जाता है। छात्र कल्याण निदेशक डॉ. एस. के. पाहुजा ने बताया कि विद्यार्थियों का चयन लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार के आधार पर किया गया है। चयनित विद्यार्थियों को यंग प्रोफेशनल पॉलिसी के तहत 3 लाख 60 हजार रुपए वार्षिक पैकेज दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि हरियाणा स्टेट रूरल लाइवलीहुड मिशन में चयनित हुए विद्यार्थियों में तान्या वर्मा, गुरपाल सिंह, नमन यादव, सचिन चौधरी, कोमल यादव, स्वाति देसवाल व सोनल शर्मा शामिल हैं।

सह-निदेशक छात्र कल्याण (काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट) डॉ. अतुल ढींगड़ा ने भी चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी। डॉ. सुबोध अग्रवाल ने बताया कि विश्वविद्यालय में छात्रों की प्लेसमेंट के लिए राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय कंपनियों को बुलाने के लिए निरंतर प्रयास करते रहेंगे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पाठक पक्ष | 26.08.2025 | -- | -- |


# हकृवि का ढैंचा बीज अब आंध्रप्रदेश में बढ़ाएगा भूमि की उर्वरा शक्ति : प्रो. बी.आर. काम्बोज

## ढैंचा की डीएच-1 किस्म का आंध्राप्रदेश की नामी कंपनी से हुआ समझौता

-पाठकपक्ष न्यूज-




हिसार, 26 अगस्त : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय द्वारा विकसित किए गए उन्नत किस्मों के बीज देश भर में अपना परचम लहरा रहे हैं। विश्वविद्यालय के उन्नत बीजों का देश में प्रचार-प्रसार करने के लिए विभिन्न सरकारी एवं गैर-सरकारी कंपनी के साथ समझौते किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में विश्वविद्यालय ने पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप के तहत तकनीकी व्यवसायीकरण को बढ़ावा देने के लिए ढैंचा की डीएच-1 किस्म का मुरलीधर सीड्स कॉरपोरेशन कुरनूल आंध्रप्रदेश के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।

**ढैंचा की खेती किसानों के लिए वरदान-** विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने बताया कि ढैंचा हरी खाद के लिए उगाया जाता है। यह एक दलहनी फसल है, जो मृदा की उर्वरता बढ़ाने में मदद करता है। ढैंचा की खेती मुख्यतः खरीफ के मौसम में की जाती है और इसे हरी खाद के रूप में इस्तेमाल किया जाता है जिससे मिट्टी में नाइट्रोजन की मात्रा बढ़ती है और उर्वरता में सुधार होता है। ढैंचा मिट्टी की संरचना के सुधार में विशेष भूमिका निभाता है। विश्वविद्यालय द्वारा किए जा रहे शोध कार्यों, उन्नत किस्मों के बीजों तथा नवीनतम तकनीकों को किसानों तक पहुंचाने के लिए निजी क्षेत्र की कम्पनियों के साथ समझौते किए जा रहे हैं। इससे किसानों एवं ग्रामीण युवाओं को अतिरिक्त रोजगार के अवसर भी मिल रहे हैं। यह एमओयू किसानों के लिए नई संभावनाओं के द्वार खोलेगा तथा खेती को लाभकारी व्यवसाय बनाने में सहायक सिद्ध होगा।

**ढैंचा नाइट्रोजन की आपूर्ति बढ़ाने में सहायक-** कुलपति ने बताया कि वैज्ञानिकों द्वारा किसानों को कृषि उपकरणों, जैविक खेती, सिंचाई तकनीक और फसल प्रबंधन हेतु नवीनतम जानकारी दी जा रही है। विश्वविद्यालय किसानों की पैदावार में बढ़ोतरी करने के साथ-साथ उनकी आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करने के लिए भी सदैव प्रयासरत रहता है। उन्होंने बताया कि ढैंचा की जड़ों में राइजोबियम जीवाणु होते हैं जो वायुमंडलीय नाइट्रोजन को भूमि में स्थिर रखते हैं जिससे भूमि में नाइट्रोजन की आपूर्ति होती है। ढैंचा जैविक पदार्थों में वृद्धि, भूमि की जल धारण क्षमता में बढ़ोतरी, सूक्ष्म पोषक तत्वों की आपूर्ति तथा खरपतवार नियंत्रण में भी सहायक है। उन्होंने बताया कि ढैंचा भूमि की प्राकृतिक उर्वरता को बढ़ाकर रासायनिक खादों की आवश्यकता को भी कम करता है।

**इस कंपनी के साथ हुआ समझौता-** कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज की उपस्थिति में विश्वविद्यालय की ओर से समझौता ज्ञापन पर विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एसके पाहुजा ने जबकि मुरलीधर सीड्स कॉरपोरेशन की तरफ से कंपनी के सीईओ मुरलीधर रेड्डी ने हस्ताक्षर किए। गौरतलब है कि विश्वविद्यालय द्वारा उपरोक्त कंपनी के साथ बाजरे की एचएचबी-67 संशोधित 2 किस्म का उन्नत बीज किसानों तक पहुंचाने के लिए पहले से ही समझौता किया हुआ है।

**ये अधिकारी रहे मौजूद-** इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. पवन कुमार, मानव संसाधन प्रबंधन निदेशक डॉ. रमेश कुमार, बीज विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के अध्यक्ष डॉ. वीरेन्द्र मोर, आईपीआर सेल के प्रभारी डॉ. योगेश जिंदल, डॉ. राजेश आर्य व डॉ. जितेन्द्र भाटिया उपस्थित रहे।